तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



3 नेतृत्व कोई पद नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और उत्तरदायित्व निभाने की प्रतिबद्धता : रघुबीर









# कोथारी माइनर अवरुद्ध होने से सैकड़ों एकड़ सिंचित भूमि पर खड़ा हुआ संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे के द्वारा अपने किए जा रहे विस्तार कार्यों के तहत सिंचाई विभाग के कोथारी माइनर को अवरुद्ध किए जाने से कोथारी सहित पचपेड़ी आदि गांव के लगभग 6 सौ से 7 सौ एकड़ सिंचित भूमि पर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में रेलवे महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इस समस्या के निराकरण के लिए तत्काल पहल करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि चांपा नहर से ग्राम कोथारी के आरडी 0.6900 से निकलने वाली कोथारी माइनर निर्माण ग्राम कोथारी एवं पचपेड़ी की कृषि भूमि की सिंचाई के उद्देश्य से किया गया था। रेलवे द्वारा नाली निर्माण के दौरान इस माडनर को अवरुद्ध कर दिय गया, जिससे लगभग 6सौ से 7 सौ एकड़ कृषि भूमि की है। इस संबध में मड़वारानी करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्राम कंवर ने कोथारी एवं पचपेड़ी के किसानों की समस्या को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कोथारी माइनर पर रेलवे विभाग द्वारा किए गए अवरोध क तत्काल हटाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि पिछले करीब 50 वर्षों से इस माइनर के माध्यम से दोनों गांवों के किसान धान की खेती करते आ रहे हैं। यदि जल्द ही अवरोध नहीं हटाया गया तो सैकडों किसानों की फसल प्रभावित होगी और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने महाप्रबंधक से मांग की है कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कोथारी माइनर में किए गए अवरोध को अविलंब हटाने के निर्देश दिए जाएं, ताकि सिंचाई व्यवस्था पुनः सूचारु हो सके और किसानों को होने वाली संभावित क्षति से बचाया जा सके। जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक कंवर ने बताया कि मण्डल रेलवे प्रबंधक ने किसानों को जल्द कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

### किसानों ने लिखा महाप्रबंधक को पत्र

**खास बातें**

- चांपा सब डिविजन से कोथारी तक बिछी है माइनर नहर
- सिंचाई से वंचित किसानों ने रेलवे प्रबंधन से लगाई गुहार



## साल प्रजाति की कीमती लकड़ी की हेराफेरी का हुआ था खुलासा

# लाखों की लकड़ी चोरी के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग ने अवैध रूप से साल प्रजाति की कीमती लकड़ी की हेराफेरी करने के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में वन विभाग की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया था।

**खास बात**

- घटना में इस्तेमाल की गई क्रेन को भी पुलिस ने किया जब्त, पुलिस व वन विभाग की टीम ने अभनपुर में दी थी दबिश

पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने रायपुर अभनपुर में छापामारा था। इस मामले के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि घटना में इस्तेमाल की गई क्रेन को भी पुलिस ने जब्त किया गया है। मामले में कई आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। जिसकी खोजबीन में पुलिस जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले सीएसईबी कॉलोनी में नियमानुसार अनुमति लेकर साल प्रजाति के सैंकड़ों पेड़ों की कटाई की गई थी। शासकीय प्रावधानों के मुताबिक, कटाई के बाद प्राप्त होने वाली साल लकड़ी को वन विभाग के डिपो में पहुंचाना था लेकिन पेड़ों की कटाई करने वाले कोरबा पुरानी बस्ती निवासी सुनील गुप्ता पिता स्व.छितेश्वर गुप्ता ने नियमों को ताक पर रख दिया। उसने बेशकीमती लकड़ी को शासकीय डिपो में जमा करने के बजाय रायपुर के अभनपुर स्थित एक आरा मिल भेजा दिया था। मामले का खुलासा होने के बाद मामले की लिखित शिकायत सिविल लाइन पुलिस से की थी। जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रायपुर के अभनपुर के आरामील में में छापामारा था। पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपी सुनील गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में इस्तेमाल की गई क्रेन को भी जब्त कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई सीपी खांडे ने बाताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 316(5) एवं 317(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी सुनील को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया गया। मामले में कुछ अन्य आरोपी फरार हैं जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है। जब्त ईमारती लकड़ी की कीमत लगभग 8 से 10 लाख रुपए बतायी जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों को इस मामले की गंभीरता से जांच करायी जानी चाहिए। क्योंकि बिना वन विभाग के किसी के संलिप्तता के बिना अकेले सुनील गुप्ता इतने बड़े कारनामे को अंजाम नहीं दे सकता है। वन विभाग की जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि वन विभाग के किस अधिकारी कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध थी।



जप्त लकड़ी और वाहन के साथ आरोपी।

# पहले पति-पत्नी ने छलकाया जाम, बची शराब को पी गई पत्नी, आवेश में पति ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहले पति पत्नी ने घर में जमकर शराब का सेवन किया और बची शराब को पति अपनी पत्नी के पास रखकर पड़ोसियों के घर घूमने गया था। जब रात को पति अपने घर लौटा और बची हुई शराब की जब पत्नी से डिमांड की तो उसे पता चला कि बची हुई शराब को उसकी पत्नी ने ही पी ली है। फिर क्या था यह सुनते ही पति आवेश में आ गया और दोनों पति पत्नी के बीच जमकर वाद विवाद हो गया और पति ने पास में रखे बांस के डंडे से अपनी पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ हमलाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या की सूचना मिलने पर सुबह पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही उपरांत हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

मामला थाना उरगा क्षेत्र के ग्राम भैंसमुड़ा कुदरीपारा की है। जहां निवासरत परदेशीराम धनवार व उसकी पत्नी अगहन बाई धनवार दोनों बीती रात को घर में शराब का सेवन किए थे। और शराब की बोतल में कुछ सराब बची हुई थी। जिसे परदेशी राम ने अपनी पत्नी अगहन बाई को उसे सुरक्षित रखने के लिए कहा था। जब रात को परदेशीराम अपने घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी अगहन बाई से बची शराब की मांग की तो अगहन बाई ने उसे बताया कि बची शराब को भी वह पी गई है। इसी बात को लेकर आरोपी ने शराब के नशे में पत्नी से विवाद किया तथा घर में रखे बांस के डंडे से उसके सिर एवं शरीर पर गंभीर प्रहार किए। गंभीर चोट लगने से महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत विवेचना प्रारंभ की। पुलिस ने मामले में आरोपी परदेशी राम धनवार (उम्र 41 वर्ष) को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में हत्या का आरोपी।

**खास बात**

- आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल, उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैंसामुड़ा का मामला

# टीपी नगर के वाहनों के जाम में फंसे जिले के प्रशासनिक अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के व्यस्ततम टीपी नगर चौक पर सोमवार को उस समय लंबा जाम लग गया, जब रेलवे क्रॉसिंग करीब आधे घंटे तक बंद रही। इस दौरान लगातार दो ट्रेनों के आवागमन के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि जिले के कलेक्टर, एसडीएम और नगर निगम आयुक्त भी अपने वाहनों के साथ इसी जाम में फंस गए।

बताया जाता है कि प्रशासनिक अधिकारियों की टीम शहर के भ्रमण पर निकली थी। लौटने के दौरान जब टीपी नगर चौक पहुंचे तो रेलवे क्रासिंग पर मालगाड़ी खड़ी थी जिसके दोनों ओर गाड़ियों का जाम लग गया था। इस जाम में कलेक्टर, एसडीएम और निगम आयुक्त की गाड़ियां भी जाम ⏭ शेष पेज 3 पर



टीपी नगर चौक में लगा जाम।

### रोज की समस्या हो गई है टीपी नगर जाम

टीपी नगर रेलवे क्रासिंग में मालगाड़ी के खड़े होने से चौक में जाम लगने की समस्या आम हो गई है। दिन में 2से 3 बार विद्युत संयंत्र जाने वाली मालगाड़ी क्रासिंग में खड़ी हो जाती है जिसका खामियाजा शहर की जनता रोज भुगतना पड़ता है। उक्त समस्या को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया है।

# दूसरे नवजात की भी मौत, परिजनों ने अस्पताल के बाहर किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती जुड़वा नवजात बच्चों में एक की मौत हो गई थी। जबकि दूसरा नवजात को गंभीर हालत में बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान दूसरे बच्चे की भी मौत हो गई जिसके बाद परिजन सोमवार की दोपहर टीपी नगर स्थित अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी की टीम मौके पर पहुंच गई थी जहां लगभग डेढ़ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की जिसके बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर जांच की गुहार लगाई है।

उल्लेखनीय है कि परशुराम नगर दादर निवासी शशिकांत ओझा की पत्नी ने 17 जुलाई को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। करीब 16 साल बाद संतान होने से परिवार में खुशी का माहौल था। इस बीच इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद दूसरे नवजात को भी शिशु रोग विशेषज्ञ के पास ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर स्थिति में बिलासपुर रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के दौरान बिलासपुर में भी दूसरे बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद सोमवार को दोपहर 3 बजे टीपी नगर स्थित अस्पताल पहुंचे और अस्पताल के बाहर परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर दल बल सहित मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर परिजनों को समझाइश देने का प्रयास किया गया लेकिन डेढ़ घंटे तक अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करते रहे जिसके बाद शाम लगभग 4.30 बजे इस पूरे मामले की जांच के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और जांच की गुहार लगाई है।

**खास बात**

- परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप



प्रदर्शन करते हुए पीड़ित परिजन।

## एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# मानसून के बीच चल रहे कार्यों व सुरक्षा व्यवस्था का सीएमडी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कंपनी की विभिन्न मेगा परियोजनाओं का व्यापक दौरा कर कोयला उत्पादन, उत्पादकता, डिस्पैच और खनन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सक्रिय खनन क्षेत्रों का निरीक्षण कर मानसून के बीच चल रहे कार्यों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सीएमडी श्री दुहन ने परियोजना और क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि मानसून के दौरान सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्पादन लक्ष्य महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षित, वैज्ञानिक और सतत खनन पद्धतियों के माध्यम से ही हासिल किया जाना चाहिए। श्री दुहन ने सभी परियोजना प्रमुखों और क्षेत्रीय प्रबंधन को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम में कर्मचारियों और मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक एहतियात अपनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों को लगातार सुरक्षित कार्य पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जाए और प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत बनाया जाए। उन्होंने कोयला डिस्पैच व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लॉजिस्टिक्स और संचालन की सतत निगरानी की जाए, ताकि मानसून के बावजूद उत्पादन और आपूर्ति प्रभावित न हो। दौरे के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने सीएमडी को विभिन्न मेगा परियोजनाओं की प्रगति, परिचालन संबंधी चुनौतियों तथा मानसून के दौरान उत्पादन बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।



जायजा लेते हुए सीएमडी।

# एसईसीएल के मानिकपुर ओपनकास्ट विस्तार प्रोजेक्ट पर होगी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मानिकपुर ओपनकास्ट एक्सपेंशन प्रोजेक्ट के क्षमता विस्तार को लेकर पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने परियोजना की लोक सुनवाई की अधिसूचना जारी कर दी है।

जारी नोटिस के अनुसार, मानिकपुर ओपनकास्ट परियोजना की उत्पादन क्षमता 5.25 मिलियन टन प्रतिवर्ष एमटीपीए से बढ़ाकर 7.0 एमटीपीए करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही परियोजना क्षेत्रफल को 1018.925 हेक्टेयर से बढ़ाकर 1031.507 हेक्टेयर किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार, परियोजना से संबंधित लोक सुनवाई 21 अगस्त को सुबह 11:00 बजे कल्याण मंडप, मानिकपुर साप्ताहिक बाजार के पास, कोरबा में आयोजित की जाएगी। पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बताया है कि प्रभावित क्षेत्र के नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अन्य हितधारक परियोजना से संबंधित आपत्तियां, सुझाव एवं टिप्पणियां जनसुनवाई में ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया तेज, छग पर्यावरण संरक्षण मंडल न जारी किया नोटिस

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में कुल 109 आवेदन प्राप्त

**कोरबा।** साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियां को प्रेषित कर जांच कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 109 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, स्कूलों में मानदेय शिक्षक की भर्ती, जमीन का सीमांकन, राशन कार्ड, बैटरी ट्राई साइकिल, हैंडपंप स्थापना, बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, वन अधिकार पट्टा, अतिक्रमण पर कार्यवाही सहित ग्राम बारी उमराव में जर्जर पीएम सड़क का सुधार कार्य करने, पीडीएस दुकानदारों और राइस मिलर्स द्वारा चावल की काला बाजारी करने सहित अन्य विषयों के आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन और अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विभिन्न पुरस्कारों के लिए आवेदन 5 अगस्त तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद विनोद चौबे सम्मान, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी पुरस्कार, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों तथा अन्य को नगद राशि पुरस्कार, खेल वृत्ति एवं खेल संघों को प्रेरणा निधि प्रदान करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 5 अगस्त तक आमंत्रित किया गया है। राज्य खेल अलंकरण अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया हो या अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो।

### छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

**कोरबा।** प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष/प्रभारी कीर्तन मनोज मिश्रा की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष शशिकांत डिक्सेना व जिला महासचिव ओम गवेल द्वारा कोरबा जिले की नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। जिसमें जिला संरक्षक कृष्ण गोपाल मित्तल, साजी थॉमस, हितेश अग्रवाल, धीरज दुबे, विनोद साहू, अरविंद पांडे, देवेंद्र श्रीवास , नीलेंद्र राठौर, उपाध्यक्ष अभिषेक अदिल, अजय राय, निशान झा, रितेश जायसवाल, राजू खत्री, महेश कुर्रे, अनूप पासवान, सचिव शारदा पाल, सतपाल सिंह, कोषाध्यक्ष ओम कुर्रे, सहसचिव प्रकाश तिवारी, रामचरण साहू, प्रवक्ता आलोक पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी मनहरण साहू, कार्यकारिणी विकास सोनी, जगदीश अग्रवाल, बिरजू बाला, रामकुमार यादव, विमल ठाकुर, शब्बीर अंसारी, चंद्र प्रकाश जायसवाल, शाह आलम, इमरान खान, मणी पाल निमजा , अशोक अग्रवाल को नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक21 जुलाई को कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में होगी। इसमें जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श एवं निर्णय के साथ जल जीवन मिशन के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण एवं हस्तांतरित योजनाओं के लंबित भुगतानों के अनुमोदन संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही रेट्रोफिटिंग योजनाओं में सीएसआर अथवा 16वें वित्त आयोग की राशि से भुगतान किए जाने संबंधी दिशा-निर्देशों पर भी विचार किया जाएगा। जिले में सीआईआरपी अंतर्गत विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में रोजगार मेला कल

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 22 जुलाई को सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में 4 निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी, जिसमें लाइफ मित्र, फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन जैसे कुल 495 पद शामिल हैं।रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड तथा शैक्षणिक योग्यता से संबंधित अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छायाप्रति लानी होगी।

### सिविल लाइन सीएसपी और अजाक डीएसपी का तबादला

**बिलासपुर।** रायपुर मुख्यालय से थोक में एडीशनल एसपी व डीएसपी रेंक के अधिकारियों का तबादला लिस्ट जारी किया गया है। इसमें सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार का जशपुर व अजाक डीएसपी डेरहाराम टण्डन का सक्ति,सुकमा जिला के डीएसपी परमेश्वर तिलकवार को सिविल लाइन सीएसपी व बीजापुर के सुदीप सरकार को अजाक डीएसपी बनाया गया है। इसी तरह कोरिया जिला से एडीशनल एसपी सुरेशा चौबे का बिलासपुर आईजी आफिस, बेमेतरा से डीएसपी कौसल्या साहू का बिलासपुर बालक विरूद्ध अपराध अन्वेशण शाखा, भिलाई से डीएसपी परमानंद ठाकुर का बिलासपुर रेडियो आफिस तबादला किया गया है।

### रायपुर मंडल की मेमू पैसेंजर ट्रेनें कल रद्द

**बिलासपुर।** रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग करने एनआई का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप 22 जुलाई को कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के भाटापारा-हथबंध स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन सेक्शन में ऑटो सिग्नलिंग कमीशनिंग करने एनआई का कार्य किया जाएगा । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

### केंद्रीय जेल में फिर हुई एक कैदी की मौत

**बिलासपुर।** एक बार फिर केंद्रीय जेल में एक कैदी की मौत हो गई है। एक माह के भीतर एक हत्या व तीन कैदी की मौत से सनसनी फैल गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, पचपेड़ी विद्याडीह टांगर निवासी प्रभु कुमार मनहर पिता रामकुमार मनहर 31 साल वर्ष 2024 से केंद्रीय जेल में बंद था और उसे पाक्सो एक्ट के मामले में 20 साल की सजा हुई थी। 15 जुलाई को सीने में दर्द होने पर जेल अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। 20 जुलाई को अचानक अत्याधिक तबियत खराब होने पर उसे इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया है।

# पानी में बह गए सीएमएचओ दफ्तर के दस्तावेज, टीबी की दवा हो गई खराब

## आयुष्मान और नर्सिंग होम एक्ट के कई दस्तावेज खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीते दिनों आई तेज बारिश के बाद सरकंडा क्षेत्र के कई इलाकों में पानी भर गया, सीएमएचओ कार्यालय भी इसका शिकार हुआ, पानी भरने से कार्यालय की हालत खराब हो गई। पानी हटने के बाद सोमवार को कार्यालय खोला गया, जहां दवा के कार्टून पूरी तरह से खराब मिले। वहीं नर्सिंग होम एक्ट, आयुष्मान विंग कमरों में रखे निरीक्षण व शिकायतों के कागज सड़े गले पाए गए।

तेज बारिश के बाद हुए नुकसान का आकंलन धीरे-धीरे किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में भी बारिश के कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। शनिवार व रविवार को छुट्टी के बाद सीधे सोमवार को नूतन चौक स्थित कार्यालय सीएमएचओ खोला गया। इस दौरान टीबी, नर्सिंग होम, आयुष्मान में कर्मचारियों के बैठने की जगह तक नहीं थी, हर जगह कीचड़ और गीले कागज दिखाई दे रहे थे। कर्मचारियों ने श्रमिकों को बुलाकर कमरों को साफ कराया है। इस दौरान जिन कार्टून में दवा रखी गई थी, वह भी भीग चुका था। कर्मचारियों ने कार्टून से दवा के पैकेट और बैच का मिलान करना शुरू कर दिया है। गंभीर बात यह है कि टीबी के मरीजों को दी जाने वाली जीवनरक्षक दवा को नुकसान हुआ है। वहीं नर्सिंग होम एक्ट के कमरों में रखे गए दस्तावेज पूरी तरह से गल चुके हैं, ऐसे में निजी अस्पतालों का पुनः निरीक्षण कर दस्तावेज का सत्यापन करने की मुसीबत होगी।



## दफ्तर में भर गया था पानी



### कमरों में तीन फीट पानी भरा था

बारिश के बाद कमरों में 3 फीट से अधिक पानी भरा था, सोमवार को कमरों को खोला गया है। स्थिति खराब थी, जिसके चलते श्रमिकों को बुलाकर कार्यालय साफ कराया गया है। कर्मचारियों को दवा को खोलकर देखने और सुरक्षित स्थान पर रखने के लिए कहा गया है। वहीं जिन दवा के पैकेट खराब हो चुके हैं, उसके लिए राज्य नोडल कार्यालय को मांग पत्र दिया जाएगा।

- **डॉ शुभा गरेवाल**, सीएमएचओ

## खाद्य विभाग कोमा में : अफसरों को छोड़कर पूरे शहर को है जानकारी

# 'ठेके' पर चल रहीं राशन दुकानें

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

सरकार ने आर्थिक रूप से सुदृढ़ता देने स्व सहायता समूहों को पीडीएस राशन दुकानों के संचालन का जिम्मा सौंपा है। जबकि इसकी आड़ में कुछ ठेकेदार, व्यापारी और चावल माफिया द्वारा समूहों से राशन दुकानों को ठेके पर लेकर चावल की हेराफेरी की जा रही है। इस बात की जानकारी वैसे तो पूरे शहर को है, लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारियों का अपने आपको इस मामले में पूरी तरह अनजान बताना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

अलग खबर

शहर के भीतर ही डंके की चोट पर व्यापारियों ने राशन दुकान ठेके या किराए पर ले रखी हैं, जिन्हें अपनी मर्जी के हिसाब से चलाया जा रहा है। हितग्राहियों को चावल के बदले जबर्दस्ती खंडा या पैसे उपलब्ध कराकर उसी चावल की बड़े व्यापारियों को सप्लाई की जा रही है। इस तरह की हेराफेरी का पर्दाफाश होने या कोई बड़ी कार्रवाई साबित हो जाने के बाद दुकानों के निलंबन व कार्रवाई का ठीकरा ठेकेदारों पर न फूटकर उन समूहों के ऊपर फूट रहा है, जिनकी इस गड़बड़ी में वैसे तो सीधे कोई संलिप्तता नहीं है, लेकिन बैठे-बैठे किराए की रकम खाने की सजा तो भुगतनी ही पड़ेगी।

### खाद्य विभाग की मेहरबानी से निलंबित दुकानें, 'निलंबित' ही

खाद्य विभाग द्वारा जिन राशन दुकानों को विभिन्न प्रकरणों में दोषी पाए जाने के बाद काफी पहले निलंबित कर दिया गया है, उन दुकानों को चावल माफिया ही चला रहे हैं। इस बात का प्रमाण यह है कि तीन-तीन साल पहले निलंबित की गईं जय मातादी खाद्य सुरक्षा जैसी दुकानें आज तक निलंबित ही चल रही हैं। विभाग द्वारा उन दुकानों को किसी और समूह को आबंटित करने के लिए आज दिनांक तक कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया है।

### क्यों नहीं की जा रही कार्रवाई?




### क्यों छिपाई जा रही पहचान?

मैग्नेटो मॉल के सामने से मरीमाई तालापारा वाले मार्ग पर अंबेडकर प्राथमिक उपभोक्ता भंडार आईडी क्रमांक 401001022 संचालित है। इसी दुकान में जय मातादी खाद्य सुरक्षा पोषण आहार नामक दुकान मर्ज कर दी गई है, जिसका आईडी क्रमांक 401001121 है। ज्ञात हो कि यह दुकान वर्ष 2023 से निलंबित है। सूत्रों के अनुसार इसी छोटी दुकान से ही अन्य कई राशन दुकानों का भी संचालन किया जा रहा है। आईडी क्रमांक 401001133 राजेंद्र नगर, 401001025 तारबाहर की दुकान भी ठेके पर ही चलाई जा रही है।




### कई दुकानें किराए पर लेकर किराए में दे दी गईं

इस पूरे मामले में सबसे शर्मनाक बात यह है कि शहर की कुछ राशन दुकानें ऐसी भी हैं, जिन्हें लोगों ने समूहों पर किराये या ठेके पर ले रखा है, लेकिन किराए पर लेकर वे इसका संचालन नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने भी अपना कमीशन फिक्स करके किसी और को ठेके या किराए पर दे रखा है। तारबाहर की राशन दुकान इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

### ठेकेदार डंके की चोट पर बेच रहा चावल, विभाग लीपापोती में जुटा

राशन दुकानों को ठेके पर लेकर सरकारी चावल की बंदरबांट कर रहा चावल माफिया डंके की चोट पर यह धंधा चला रहा है। उसने तालापारा स्थित दुकान के बोर्ड पर अपना मोबाईल नंबर 9301522622 भी टांग रखा है, जो कि किसी रवि परियानी के नाम पर दर्ज है। इस संबंध में पूछने पर एएफओ राजीव लोचन तिवारी ने रवि परियानी के नाम पर कोई राशन दुकान आबंटित नहीं होने की बात कही, लेकिन उन्होंने रवि परियानी के द्वारा पूर्व में दुकान चलाने की जानकारी दी। उक्त व्यक्ति के द्वारा आज भी कई दुकानों को ठेके पर लेकर दुकान संचालित करने की शिकायत पर श्री तिवारी ने कहा कि हो सकता है समूहों ने उन्हें चलाने के लिए दे दिया होगा। विभाग को रवि परियानी से कोई मतलब नहीं है, क्योंकि विभाग में किसी भी बैठक में संबंधित समूह ही आते हैं, वह व्यक्ति नहीं आता।

### ठेके पर दुकान का संचालन गलत लेकिन ऐसा होने की जानकारी नहीं

राशन दुकान जिस व्यक्ति या समूह को मिला है, उसे ही संचालित करना होगा। यदि किसी कारणवश कोई समूह या व्यक्ति अपनी दुकान का संचालन नहीं करना चाहते तो उन्हें अपनी दुकान विधिवत सरेंडर करनी होगी, ताकि विभाग उस दुकान को किसी और को देने की व्यवस्था बनाएगा। अपनी दुकान संचालन के लिए किसी और को दे देना तो नियम में ही नहीं है। शहर में एक ही व्यक्ति के द्वारा अनेक राशन दुकानों का ठेके पर संचालन करने जैसी कोई जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

- **अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## चौकीदार की हत्या का मामला

# दूसरा फरार आरोपी पटना से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सम्प्रेक्षण गृह में चौकीदार की हत्या के मामले में फरार दूसरे आरोपी को पुलिस ने बिहार पटना से गिरफ्तार कर लिया है। सम्प्रेक्षण गृह में रहने के दौरान चारों आरोपियों की चौकीदार से अच्छा संबंध हो गया था। भागते समय भरोसा तोड़कर शोर मचाने पर चारों ने उसकी हत्या कर दी थी। इधर 7 दिन से शव मरच्यूरी में रखा हुआ है और परिजन धरना में बैठे हुए हैं।

12 जुलाई की रात संप्रेक्षण गृह के चौकीदार नरेन्द्र कुमार खाण्डे 42 साल की चार नाबालिगों ने टायलेट जाने के बहाने दरवाजा खुलवाकर मारपीट की और हाथ पैर को बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद चौकीदार का मोबाइल लेकर दीवार फांदकर भाग गए थे। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस टीम बिहार झारखंड, रायगढ़, कोरबा में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। काफी मशक्कत के बाद 19 जुलाई को पुलिस टीम ने बिहार पटना से दूसरे फरार नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 16 जुलाई को एक नाबालिग को उत्तर प्रदेश प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया था। हत्याकांड के दो नाबालिग पुलिस पकड़ से बाहर है।


लकड़ी की सीढ़ी से नीचे उतरे, गेट खोला दूसरे चौकीदार की बाइक लेकर हुए फरार

हरिभूमि में 14 जुलाई को प्रकाशित खबर।

### शोर मचाने पर की वारदात

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, सम्प्रेक्षण गृह में रहने के दौरान चारों आरोपियों की चौकीदार से अच्छा संबंध हो गया था। चारों उस पर भरोसा करते थे। घटना की रात चारों ने चौकीदार के हाथ पैर बांधकर भागने की योजना बनाए थे। हाथ पैर बांधने के दौरान चारों ने चौकीदार के शोर नहीं मचाने की हिदायत दी। भरोसा तोड़कर शोर मचाने पर चारों ने हाथ पैर बाधने के बाद मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। उसके बाद भी वह शांत नहीं हुआ तो पकड़े जाने के भय से चारों ने गला दबाकर चौकीदार की हत्या कर दी थी। इधर पिछले 7 दिन से मृतक चौकीदार का शव सिम्स के मरच्यूरी में रखा हुआ है। वहीं परिजन सम्प्रेक्षण गृह के सामने विगत 7 दिनों से धरना में बैठे हुए हैं। तबियत खराब होने मृतक की पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वस्थ होने पर अस्पताल से छुट्टी होने पर वह फिर धरना में जाकर बैठ गई है।

# घने बादलों ने बरसकर दी राहत

**बिलासपुर।** घने बादलों के बीच एक बार फिर सोमवार को जिले के आसपास अच्छी बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 3.2 डिग्री की कमी देखी गई और पारा 28.4 डिग्री दर्ज किया गया है लेकिन शहरीय क्षेत्र में अपेक्षाकृत बारिश कम देखी गई है।

मानसूनी द्रोणिका गंगानगर, रोहतक, रांची से बंगाल की खाड़ी तक द्रोणिका बनी हुई है। वहीं चक्रवाती हवाओं का घेरा झारखंड और बिहार के आसपास पास बन चुका है। जिसके चलते प्रदेश में अच्छी बारिश के आसार है। खास बात यह है कि पिछले 12 घंटे में पेड्रा में तेज बारिश हुई है, इस दौरान करीब 81 सेमी बारिश पेंड्रा में दर्ज की गई।

**दो मुहानी एनीकट के ऊपर से बह रहा नदी का पानी**



## जेएसडब्ल्यू प्लांट से 2 लाख की कॉपर प्लेट चोरी, आरोपी गिरफ्तार

अकलतरा। जेएसडब्ल्यू प्लांट से 2 लाख के कॉपर प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा क्षेत्र के जेएसडब्ल्यू तरौद, अकलतरा में कार्यरत सुरक्षा अधिकारी अखिलेश राय ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया था, कि पेट्रोलिंग के दौरान प्लांट परिसर में कुछ लोग संदिग्ध परिस्थितियों में सामान निकालते दिखाई दिए। सुरक्षा टीम के पहुंचते ही तीन-चार व्यक्ति भागने लगे, जिनमें से एक को मौके पर पकड़ लिया गया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जलेश्वर प्रसाद केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बनाहिल, थाना अकलतरा जेएसडब्ल्यू में इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत है। आरोपी के पास मौजूद चार काले रंग के बैगों की तलाशी लेने पर उनमें 38 नग छोटे-बड़े कॉपर प्लेट के टुकड़े बरामद हुए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख बताई जा रही है। मामले की सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी

## स्वच्छता मानकों की कमी पाए जाने पर ढाबा का लायसेंस निलंबित

सक्ती। हरेठी स्थित पापा ढाबा में स्वच्छता मानकों की कमी पाए जाने पर लायसेंस निलंबित कर दिया गया है। जांच के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कार्यवाही की है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा हरेठी स्थित मेसर्स पापा ढाबा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में अस्वस्थकर एवं अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ दिन पहले ढाबा का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में ढाबा के कर्मचारी द्वारा टॉयलेट में बर्तन धोते हुए पाया गया, जिसके संबंध में फर्म संचालक से जवाब मांगा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा जांच के दौरान फर्म से गुंथा हुआ आटा का नमूना भी लिया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत फर्म को कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया गया है और जनहित व जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पापा ढाबा का लाइसेंस आगामी आदेश तक निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि ढाबा संचालक द्वारा नोटिस का संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है।

## एक वर्ष या नए कुलपति के आने तक पद पर रहेंगे

# कुलपति चक्रवाल को मिला एक्सटेंशन

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल फिलहाल सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कुलपति बने रहेंगे। यूनिवर्सिटी में कुलपति के रूप में उन्हें एक्सटेंशन मिल गया है और सोमवार को भारत सरकार के केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय से उनके एक्सटेंशन का आदेश सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास पहुंच गया है।


प्रो. चक्रवाल

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के एक्सटेंशन आदेश में तीन कंडीशन दिया हुआ है, जिसके तहत एक वर्ष की अवधि या नए कुलपति व अगले आदेश तक जो भी पहले हो तब तक वे कुलपति बने रहेंगे। यह एक्सटेंशन आदेश भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय से आज ही जारी हुआ है, जिसमें सेंट्रल यूनिवर्सिटी एक्ट 2009 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत की राष्ट्रपति सेंट्रल यूनिवर्सिटी की विजिटर के रूप में अपनी सामर्थ्य से प्रो. चक्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया गया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल का कुलपति के रूप में पांच वर्ष का कार्यकाल 23 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। नए कुलपति की नियुक्ति अभी नहीं हो पाई है, इसलिए यूनिवर्सिटी में यह असमंजस की स्थिति बनी हुई थी कि प्रो. चक्रवाल को एक्सटेंशन मिलेगा या नहीं। सोमवार को दिल्ली से कुलपति पद पर एक्सटेंशन का आदेश पहुचते ही यह असमंजस की स्थिति अब दूर हो गई है और फिलहाल प्रो. चक्रवाल कुलपति के पद पर बने रहेंगे।

### सीयू में एक्सटेंशन वाले दूसरे नंबर के कुलपति

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल के पहले डॉ. अंजिला गुप्ता कुलपति थी। यूनिवर्सिटी में डॉ. गुप्ता का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें एक साल का एक्सटेंशन कुलपति के रूप में मिला था। इस तरह अंजिला गुप्ता सेंट्रल यूनिवर्सिटी में 6 साल तक कुलपति पद पर रही।

### एक्सटेंशन का आदेश आया है

कुलपति के एक्सटेंशन का आदेश आ गया है। आदेश के अनुसार एक वर्ष या नए कुलपति की नियुक्ति होने तक तथा अगले आदेश तक कुलपति का कार्यकाल बढ़ाया गया है।

-**प्रो. मनीष श्रीवास्तव**
मीडिया प्रभारी, सीयू

## कौशिक भी अगले महीने रिटायर होने वाले हैं

# सहायक संचालक कौशिक को डीईओ का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 दिनों बाद आखिरकार शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति हो ही गई। हालांकि अभी भी जिले को प्रभारी डीईओ ही मिला है। स्थायी की तलाश जारी ही है। सोमवार को जारी आदेश में नियमित पदस्थापना होने तक डॉ. अजय कौशिक को जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री कौशिक अभी सहायक संचालक के पद पर है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सहायक संचालक एवं मूल पद पर प्राचार्य डॉ. अजय कौशिक, जो वर्तमान में जिला शिक्षा कार्यालय बिलासपुर में पदस्थ हैं, अपने मौजूदा दायित्वों के साथ-साथ जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। शासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था नियमित जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना होने तक प्रभावी रहेगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।ध्यान रहे कि श्री कौशिक भी अगले महीने रिटायर होने वाले हैं।


अजय कौशिक

गौरतलब है कि राज्य शासन द्वारा रामेश्वर जायसवाल को जिले का प्रभारी डीईओ बनाया गया था। सीनियर प्राचार्यो की याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इस नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इसके बाद पिछले 10 दिनों से विभाग बिना अधिकारी चल रहा था। इधर सहायक संचालक पी. दासरथी और अजय कौशिक छुट्टी पर चल रहे हैं तो बसंत प्रताप सिंह मेडिकल लीव पर हैं। फिलहाल सहायक संचालक वर्षा शर्मा ही कार्यालय का काम देख रही हैं। जिम्मेदार अधिकारी नहीं होने का असर कामकाज पर भी दिखने लगा है।

### कार्य विभाजन भी किया गया

गौरतलब है कि 3 जुलाई को तत्कालीन डीईओ रामेश्वर जायसवाल ने कार्य विभाजन का आदेश जारी किया था। इसमें सहायक संचालक वर्षा शर्मा को स्थापना, स्कॉलरशिप, सेजेस, पीएम श्री, आरटीई, टीएल, जनदर्शन, स्टोर और बजट जैसे सेक्शन दिए गए थे। इसी तरह बसंत प्रताप सिंह को योजना, विधानसभा, कोर्ट, शिकायत जांच, अनुदान मान्यता, ऑडिट और एमडीएम का प्रभार दिया गया था।

## खबर संक्षेप



### पावस विशेष सुमधुर संगीत संध्या आयोजित

**कोरबा।** मुकुटधर साहित्य समिति, कोरबा से सम्बद्ध मुकुटधर संगीत प्रकोष्ठ द्वारा पं. मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन, घण्टाघर में संगीत समारोह का आयोजन किया गया। समिति के संरक्षक युनूस दानियालपुरी, दिलीप अग्रवाल, डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा व हेमंत महुलीकर उपस्थित रहे। संयोजिका अर्चना साहू ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, साथ ही अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन जीतेंद्र वर्मा खैरझिटिया, सत्या जायसवाल व शिव साहू ने किया। अंत में भरत साहू ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करने वाले मुख्य कलाकारों में भारती चौरसिया, प्रतिभा सहारे, गौरी महंत, सूरज दास महंत, अर्चना साहू,भरत साहू, अपूर्वा सिंह, मोहम्मद मुकिद, हेमंत महुलीकर, शैलेश गुप्ता, केशरी देवांगन, पी के कौशिक, भरत साहू, सत्या जायसवाल, भानूप्रसाद साहू, घासीराम साहू, कर्मेन्द्र सिंह, शिव साहू, जीतेंद्र वर्मा खैरझिटिया, डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, प्रभात शर्मा और संतोष पासवान आदि शामिल रहे।

### गोपाल मोदी को मिली मानद उपाधि

**कोरबा।** भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी को नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित इंडो इंटरनेशनल इंटेलेक्चुअल



कॉन्क्लेव-2026 के दौरान व्यवसाय प्रबंधन एवं समाज कार्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गोपाल मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व, उत्कृष्ट संगठन क्षमता, समाजसेवा के प्रति समर्पण तथा जनकल्याण के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली प्रतिष्ठित पहचान है। श्री मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सदैव सेवा, समर्पण और संगठन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने जनहितकारी अभियान, सामाजिक कार्यक्रम, सेवा गतिविधियाँ तथा संगठनात्मक कार्यों को सफलतापूर्वक संचालित किया है। इस अवसर पर श्री मोदी ने इस सम्मान को अपने परिवार, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेतृत्व तथा कोरबा की जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देगा।

### डिवाइडर तोड़ते ट्रेलर नाले में घुसा



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार दीपका बाईपास डंपिंग यार्ड के पास एक कोयला लोड टेलर चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए डिवाइडर को तोडते हुए नाले में जा घुसा दिया। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि कोई जनहानि नहीं हुई है। हरदीबाजार दीपका बाईपास में आए दिन भारी वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से इस मार्ग से सफर करने वालों की सांसें अटकी रहती है कि कही हादसे का शिकार न हो जाए। वही दीपका थाना चौक व आमगांव चौक पर बेतरतीब खड़ी वाहनों पर भी अंकुश लगाने की जरुरत है, इनकी वजह से भी आवागमन की काफी समस्या बनी रहती है।

### लापता महिला का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

कोरबा। ग्राम तिलकेजा निवासी संजना कैवर्त पति



सूरज कैवर्त 3 जुलाई से लापता है। परिजनों के अनुसार वह घर से चांपा पोस्ट ऑफिस जाने के लिए निकली थी लेकिन उसके बाद से अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका। लगातार कई दिनों से संजना का कोई सुराग नहीं मिलने से परिवार बेहद चिंतित और परेशान हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### टीपी नगर के...

में फंस गई। जाम में फंसे अधिकारियों को काफी देर तक जाम खुलने का इंतजार करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद यातायात व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली। बताया जा रहा है कि एसडीएम रोहित महिलांगे ने ड्यूटी पर तैनात एक यातायात सिपाही को यातायात संचालन में लापरवाही को लेकर फटकार लगाई। रेलवे फाटक खुलने के बाद एक साथ बड़ी संख्या में वाहनों के निकलने से कुछ समय तक यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। पुलिस और यातायात कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य कराई। टीपी नगर रेलवे क्रॉसिंग पर अक्सर लगने वाले जाम को लेकर स्थानीय लोगों ने भी नाराजगी जताई और स्थायी समाधान की मांग की। बार-बार लगने वाले जाम से आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### एसईसीएल के ....

प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके अलावा अधिसूचना जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर भी क्षेत्रीय कार्यालय, कोरबा में लिखित आपत्तियां जमा की जा सकती हैं। परियोजना का विस्तार मिलाईभांठा, दादर, मानिकपुर, इमलीडुग्गू, जरहद और कुकरी सहित आसपास के क्षेत्रों से संबंधित है। पर्यावरण स्वीकृति के लिए जनसुनवाई अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा है।

---

### इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में संपन्न हुआ इन्वेस्टिचर डे समारोह

# नेतृत्व कोई पद नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन उत्तरदायित्व निभाने की प्रतिबद्धता : रघुबीर



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए छात्राएं।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के इन्वेस्टिचर डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवगठित विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों को विद्यालय के अनुशासन, नेतृत्व एवं उत्तरदायित्व का दायित्व सौंपते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रघुबीर नारायण, डीआईजी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन मलिक निदेशक एसीबी, सतीश शर्मा प्राचार्य, डीपीएस एनटीपीसी तथा टीपी राव प्राचार्य डीएवी गेवरा मंचस्थ रहे।

इस अवसर पर हेड बॉय के रूप में विशेष सिहाग, हेड गर्ल के रूप में पल्लवी उइके, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी (बालक) शिवम सिहाग, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी (बालिका) अनोखी अग्रवाल तथा कल्चरल सेक्रेटरी पायल सहारन सहित विभिन्न सदनों के हाउस प्रीफेक्ट्स को भी पदभार ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि रघुबीर नारायण ने कहा कि नेतृत्व अधिकार का नहीं, अपितु उत्तरदायित्व, अनुशासन, सेवा और आदर्श आचरण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रनिर्माण में अपनी सक्रिय एवं सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने उद्बोधनों में विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सेवा-भाव को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। प्राचार्य सतीश शर्मा कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला है, जहाँ नेतृत्व, सहयोग, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संस्कार विकसित होता है। प्राचार्य टीपी राव ने कहा कि नेतृत्व किसी पद अथवा अधिकार का पर्याय नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, उत्तरदायित्व एवं आदर्श चरित्र का जीवंत स्वरूप है। एक सच्चा विद्यार्थी-नेता अपने आचरण, विनम्रता और कर्तव्यनिष्ठा से दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। इस दौरान डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण, नेतृत्व-कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों का विकास है। उन्होंने नवनिर्वाचित छात्र परिषद को प्रेरित करते हुए कहा कि वे प्रत्येक निर्णय में विद्यालय के हित को सर्वोपरि रखें तथा अपने कार्यों से अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता की नई परंपराएँ स्थापित करें। आज का उत्तरदायी विद्यार्थी ही कल का सशक्त नागरिक, संवेदनशील समाजसेवी और दूरदर्शी राष्ट्र-निर्माता बनता है। अतः अपने पद को अधिकार का नहीं, सेवा का माध्यम मानें और सदैव सत्य, परिश्रम तथा विनम्रता के पथ पर अग्रसर रहें।

## दिव्य ज्योति स्कूल में सरोज पांडेय ने बांटा स्नेह, दिव्यांग बच्चों के बीच बिताया पल



दिव्य ज्योति स्कूल में बच्चों से बातचीत करती सरोज पाण्डेय।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने वरिष्ठ भाजपा नेता विकास अग्रवाल के साथ रामपुर तहसील रोड स्थित दिव्य ज्योति स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिहीन एवं श्रवण बाधित बच्चों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनके बीच आवश्यक सामग्री का वितरण किया। सुश्री सरोज पांडेय ने बच्चों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि दिव्यांग बच्चे किसी भी दृष्टि से कम नहीं हैं। उचित मार्गदर्शन, शिक्षा और समाज के सहयोग से वे जीवन में नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी से ऐसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव सिंह, हितानंद अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता, नीरज ठाकुर, संतोषी दीवान, राहुल नवनीत शुक्ला, सूरज पांडेय, अनिता राजपूत, स्मिता सिंह, रीता खेत्रपाल, विद्यालय के शिक्षिकाएं एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, मंत्री देवांगन हुए शामिल



कथास्थल पहुंचे उद्योग मंत्री।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

सीतामणी चौक में कर्ष परिवार के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के पांचवें दिन का आयोजन अत्यंत भव्य, भक्तिमय और श्रद्धा से ओतप्रोत रहा। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

कथा के पांचवें दिन छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन विशेष रूप से कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान परम पूज्य तारेंद्र कृष्ण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन केवल धर्म का प्रचार-प्रसार ही नहीं करते, बल्कि नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और उत्तम संस्कारों का बीजारोपण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में श्रीमद्भागवत कथा जैसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने मधुर स्वर में "राधे-राधे चले आएंगे बिहारी" भजन प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूम उठे और पूरा कथा पंडाल राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर नरेंद्र देवांगन, प्रफुल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, पार्षद उर्वशी राठौर, परमिला सागर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, धर्मप्रेमी नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भक्ति की कोई उम्र नहीं होतीः प्रणव महराज



हरदीबाजार। हरदीबाजार भांठापारा राठौर परिवार के तत्वधान में चल रही श्रीमद भागवत कथा पर कथा व्यास पीठ से कथा वाचक प्रणव महराज ने भगवत कथा अंतर्गत अनेक प्रसंगों की कथा भक्तों को श्रवण कराई साथ ही प्रहलाद चरित्र की कथा श्रवण कराते महाराज ने कहा कि भगवान की भक्ति और भगवान को प्राप्त करने की कोई निश्चित आयु नहीं होती। संसार में प्रत्येक कार्य के लिए एक आयु निर्धारित है लेकिन जैसे वोट, विवाह के लिए 18-21 वर्ष, पेंशन के लिए 60 वर्षीय आयु होनी चाहिए लेकिन भागवत में वर्णन आता है बालक ध्रुव और प्रहलाद ने बाल्य काल में ही भगवान की भक्ति कर भगवान को प्राप्त किया ये संकेत है कि भगवान की भक्ति प्रारंभ करने के लिए उमर की आवश्यकता नहीं है जब से विवेक जाग्रत हो जाए बाल्य काल बचपन से ही भक्ति मनुष्यों को प्रारंभ करनी चाहिए। कथा के माध्यम से महराज जी ने अनेक शिक्षा समाज को प्रदान किए।

## फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

मानिकपुर सहायता केंद्र क्षेत्र में हुई लूट की गंभीर वारदात में घटना के बाद से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उल्लेखनीय है कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम दादर निवासी दीपक ठाकुर ने 21 दिसंबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि रात्रि लगभग 2:30 बजे दादरखुर्द क्षेत्र में आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर 20-22



ग्राम वजनी सोने की चेन एवं 70 हजार नगद सहित लगभग 2 लाख की संपत्ति लूट ली थी। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण, साक्ष्य संकलन, तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपियों की तलाश की गई। मामले में पूर्व में एक आरोपी के विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका था, जबकि दो आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी तथा मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी सूचना के आधार पर निगरानी रखी जा रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार चल रहे सोमनाथ सेनगुप्ता उर्फ सोमू व सोमनाथ अग्रवाल उर्फ सोमू अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।


TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


## लायन्स के सेवा कार्यों को मिला सम्मान



कार्यक्रम में शामिल लायंस क्लब पदाधिकारी।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा**

डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के गवर्नर पीएमजेएफ ला. विजय अग्रवाल के नेतृत्व में सत्र 2025-26 के दौरान डिस्ट्रीक्ट के विभिन्न क्लबों के द्वारा साल भर किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन बिलासपुर स्थित होटल इन्टरसिटी इंटरनेशनल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 26-27 ला रिपुदमन पुसरी डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला ला रेखा अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन ला राजेन्द्र तिवारी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला शैलेश अग्रवाल, ला एमडी माखीजा, ला बसन्त मिश्रा, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय ला अनिल अग्रवाल मंच उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 25-26 विजय अग्रवाल ने की इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सभी क्लबों के द्वारा पूरे सत्र के दौरान समाजहित में किए गए सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण,तथा जनकल्याण से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना था। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गवर्नर विजय अग्रवाल ने कहा कि लायन्स क्लब का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा है और जिले के सभी क्लबों ने इस भावना को आत्मसात करते हुए वर्ष भर उल्लेखनीय कार्य किए हैं उन्होंने सभी क्लबों की सक्रियता, समर्पण एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही क्लब की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी




**हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जन जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से ट्रांसपोर्ट नगर चौक, इंदिरा विहार कॉलोनी होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंची। रैली में शामिल छात्राओं ने आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा, गाड़ी चलाते समय हेलमेट पहनना, नशा करके गाड़ी न चलाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने जैसे उपाय को रैली व नारो के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया। इस जन जागरूकता रैली में विद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य रणधीर सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चितरंजन राजवाड़े एसआई मनोज राठौर एवं उनके दल के सहयोगी सदस्यों ने छात्राओं को संबोधित करके सड़क सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की। रैली सविता पाठक, सुनीला सिंह, रेणुका नायक, उर्मिला राठौर, प्रेमलता साहू, शारदा राठौर, गरिमा थवाईत, स्वप्निल पांडे, कपिल सवैये, राज नारायण सिंह, विवेक बंजारे, विनय साहू, अमित कंवर का सहयोग रहा।


DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध


## कोरबा मार्केट


गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में विशिष्टा को मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** दस वर्षीय प्रतिभाशाली कत्थक नृत्यांगना विशिष्टा श्रीवास्तव ने अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ इंडिया द्वारा आयोजित वर्ल्ड परफार्मिंग आर्ट कांटेस्ट में कत्थक शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय स्तर में का मान बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित की गई थी। जिसमें प्रतियोगिता की प्रस्तुति 7 जून को की गई। जिसमें विशिष्टा ने अपनी प्रस्तुति भाव भंगीमाओ और कत्थक की प्रभावशाली अभिव्यक्ति से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही की प्रदेश से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली विशिष्टा श्रीवास्तव एकमात्र प्रतिभागी थी।

### वांगचुक के समर्थन में किया गया अनशन



**कोरबा।** सोनम वांगचुक द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर किए जा रहे आंदोलन के समर्थन में आवाज फाउंडेशन द्वारा सोमवार को एक दिवसीय अनशन किया किया गया। फाउंडेशन ने कहा कि सोनम वांगचुक का संघर्ष उन लाखों विद्यार्थियों और युवाओं का संघर्ष है, जिनका भविष्य पेपर लीक व प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण प्रभावित होता है। यह शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और छात्रों के भविष्य की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण जनहित का मुद्दा है। जिसके समर्थन में सुबह 9 बजे से सुभाष चौक निहारिका में एक दिवसीय अनशन शुरू किया गया। अब्दुल नफीस खान, सत्येंद्र यादव, सुरेश जैन, भानु चंद्रा, लम्बोदर भट्ट, मनोज राज, विजय साहू, रमेश श्रीवास, विजय नायक, रमजान खान व नरेंद्र सहभागी के रूप में अनशन पर बैठे।

### वनांचल क्षेत्र पहुंचकर पहाड़ी कोरवाओं को छाता व कपड़े दिए गए भेंट



**कोरबा।** रविवार को संवेदना परिवार के सदस्य सुदूर वनांचल क्षेत्र देवपहरी पंचायत के गांव हरदीमहुवा के पहाड़ी कोरवा परिवारों के बीच पहुंचे जहां उनके द्वारा पहाड़ी कोरवाओं को कपड़े, छाता, बच्चों को बिस्किट, केक और चाकलेट आदि दिए गए। इस अवसर पर लेमरू के थाना प्रभारी सुमन पोया और वहां के भाजपा के मंडल प्रभारी हरि शंकर का सहयोग मिला। इस नेक कार्य में साथ देने के लिए संवेदना परिवार के वरिष्ठ सुनील वर्मा और देवा बंजारे और रविकान्त, प्रवीण, नीलम, विनिशा क्लॉक, मनीषा यादव, निशा यादव, कृतिशा नायर और श्रीजीत नायर का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिलेश्वर उपाधाये, शोभा चौहान, चट्टान सिंह, श्वेता, भोला यादव और छाता की व्यवस्था आभा नामदेव, पल्लवी मिश्रा, शांति ग़ढेवाल, प्रीति उरांव, खुशबु शर्मा, सविता, क्रांति चंद्रा इन सभी का सहयोग मिला।

### मूलभूत की राशि में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया जनपद सदस्य ने

**कोरबा।** ग्राम पंचायत तिलकेजा में मूलभूत की राशि में वित्तीय गड़बड़ी का मुद्दा उठाते जनपद सदस्य ने हुए इस मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए पूर्व सरपंच के विरुद्ध जांच टीम गठित कर कार्यवाही करने की मांग की है एवं शिकायत की कॉपी जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी सौंपी है। जनदर्शन में की गई शिकायत में जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने पूर्व सरपंच कुल सिंह कंवर पर वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बताया कि उनके द्वारा 14वें व 15वें वित्त की मूलभूत की राशि में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है। शिकायत के अनुसार वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक ग्राम पंचायत को 14वें एवं 15वें वित्त सहित विभिन्न मदों में करीब 2 करोड़ 58 लाख 22 हजार 790 रुपये प्राप्त हुए। आरोप है कि इस राशि का बड़ा हिस्सा विकास कार्यों में खर्च नहीं किया गया। जनपद सदस्य ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। शिकायत की प्रतिलिपि जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को भी भेजी गई है।

# नाबालिग की हो रही थी शादी, बारात पहुंचते ही टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के चिमनीभठा वार्ड क्रमांक-14 में नाबालिग जोड़े की शादी की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग और मानिकपुर चौकी पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर बाल विवाह रुकवा दिया। शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, मंडप सज चुका था और बारात भी गाजे-बाजे के साथ पहुंच गई थी।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-14 की एक ही बस्ती में रहने वाली 13 वर्षीय नाबालिग लड़की और 15 वर्षीय लड़के की शादी तय की गई थी। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे और शादी की जिद कर रहे थे। इसी कारण दोनों परिवारों ने सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह कराने का फैसला लिया था। शादी की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम और मानिकपुर चौकी

## मानिकपुर चौकी क्षेत्र का मामला

**खास बात**

- महिला बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना की टीम के द्वारा दी गई समझाइश



पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। टीम को देखकर कार्यक्रम स्थल पर हड़कंप मच गया। शादी में शामिल मेहमान और परिजन भी घबरा गए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज के नेतृत्व में टीम ने दोनों परिवारों को बाल विवाह निषेध कानून और इसके दुष्परिणामों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कराना कानूनन अपराध है। अधिकारियों की समझाइश के बाद दोनों परिवार बाल विवाह रोकने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद नाबालिग दुल्हन को उसके घर और दूल्हे को उसके घर वापस भेज दिया गया। बारात भी बिना शादी के लौट गई। महिला एवं बाल विकास अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और विवाह रुकवाया गया। दोनों पक्षों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह सामाजिक और कानूनी अपराध है, इसे किसी भी स्थिति में होने नहीं दिया जाएगा।

## जिले के दोनों बड़े विकासखंड में प्रतिवर्ष बारिश में आती है बाढ़

# नियंत्रण कक्ष की सुविधा से वंचित हैं बाढ़ प्रभावित संवेदनशील विकासखंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा और पाली बाढ़ नियंत्रण कक्ष जैसी महत्वपूर्ण सुविधा से जूझते रहते हैं। जबकि ये दोनों विकासखंड बाढ़ प्रभावित मामले में संवेदनशील हैं। एक बड़ी आबादी बाढ़ से इन दोनों विकासखंड की प्रभावित होती है। भारी बारिश से पुल पुलियों के टूटने के कारण दूरस्थ वनांचल लके गांव पहुंचविहिन हो जाते हैं।

**खास बात**

- पुल पुलियों के टूटने से दूर दराज के गांव हो जाते हं पहुंचविहीन

प्रतिवर्ष बारिश के मौसम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना जिला मुख्यालय में ही होती है। इस मामले में ब्लॉक मुख्यालय वंचित रह जाते हैं,नाम मात्र के कागजों में ही बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की बात कही जाती है। जहां केवल टेबल कुर्सी ही दिखते हैं कहीं कहीं तो यह भी नजर नहीं आते हैं। सबसे बड़े ब्लॉक होने के बावजूद पाली और पोड़ी उपरोड़ा जैसे विकासखंड में बाढ़ से होने वाली प्राकृतिक आपदा जिले में सबसे अधिक होती है। पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से बारिश से छोटे छोटे नदी नालों में बाढ़ आने के कारण पहुंच मार्ग और छोटी छोटी पुल पुलिया प्रतिवर्ष क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे ग्रामीणों का आना जाना बंद होने के साथ शासकीय सुविधाएं स्वास्थ्य एवं पीडीएस के खाद्य सामग्री का परिवहन नहीं हो पाता। कई बार यह स्थिति होती है कि बाढ़ से घिरे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए जिले से ही बल भेजा जाता है। संसाधन विहिन इन ब्लॉक मुख्यालयों में सर्व सुविधायुक्त बाढ़ नियंत्रण कक्ष का आभाव हमेशा नजर आता है। छोटे से मामले के लिए भी जिला मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है।

### पोड़ी और पसान में सर्वाधिक वर्षा

जिले में एक जून से 20 जुलाई तक कुल 381.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले की तहसील कोरबा में 405.5 मिलीमीटर, अजगरबहार 290.6, भैंसमा, 313.4, करतला 251.9, बरपाली 322.8, कटघोरा 402.2, दीपका 409.2, दर्री 477, पाली 473.8, हरदीबाजार 372.2, पोंड़ीउपरोड़ा 437, और पसान तहसील में 426.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### बीते दो वर्षों से दोनों ब्लॉक झेल रहे समस्या

बारिश की वजह से प्राकृतिक आपदा जैसे समस्या पाली और पोड़ी उपरोड़ा के लोग बीते दो वर्षों से लगातार झेल रहे हैं। चाहे वह आमजन की संपत्ति हो या सड़क और पुलियों का क्षतिग्रस्त का मामला हो या फिर पालतू मवेशियों के बाढ़ में बह जाने का सर्वाधिक नुकसान इन दोनों विकासखंड में होता है। सर्वाधिक मुआवजा राशि भी इन्हीं दोनों विकासखंड में बांटी जाती है। बाढ़ का पानी खेतों में भरने के कारण फसलों का नुकसान भी क्षेत्रीय किसानों को झेलना पड़ता है।

### आपदा प्रबंधन के रिकार्ड में भी संवेदनशील

प्रशासन में गठित आपदा प्रबंधन विभाग के रिकार्ड में भी पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड को जिले के अन्य विकासखंड करतला, कटघोरा और कोरबा के मुकाबले सर्वाधिक संवेदनशील माना गया है। रिकार्ड के अनुसार क्षतिपूर्ति के सबसे अधिक प्रकरण अभी तक इन्हीं विकासखंड में ज्यादा बने हैं। क्षतिपूर्ति राशि भी इन विकासखंड में ज्यादा वितरित हुई है।

## मुलाकात...



कोरबा। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय सोमवार को अपने कोरबा प्रवास के दौरान कोरबा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों से कॉफी हाउस में अनौपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कोरबा के समुचित विकास को लेकर उपस्थित पत्रकारों से रायशुमारी की। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि उनकी यह इच्छा है कि कोरबा में एक सर्वसुविधायुक्त कैंसर हॉस्पीटल की स्थापना हो। इस हेतु प्रेस क्लब से उचित प्रयास करने का भी उन्होंने आग्रह किया। चर्चा के दौरान कोरबा में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर भी सुश्री सरोज पाण्डेय से उपस्थित कोरबा विकास समिति के संयोजक द्वय कमलेश यादव एवं राकेश श्रीवास्तव ने चर्चा की। उनके आग्रह पर सुश्री सरोज पाण्डेय ने शीघ्र ही केंद्रीय रेल मंत्री से समय लेकर कोरबा विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात कराने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कोरबा प्रेस क्लब के संरक्षक कमलेश यादव, अध्यक्ष नौशाद खान, वरिष्ठ पत्रकार राकेश श्रीवास्तव, राजेश कुशवाहा, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष राजकुमार शाह, सचिव दिनेश राज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव, सहसचिव हरीश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य नवाब हुसैन, राजेश मिश्रा, आकाश शर्मा, मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति स्वर्णकार, पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग ने जब्त किए साढ़े 14 लीटर शराब

सक्ती। आबकारी वृत्त सक्ती ने कार्रवाई करते हुए दो प्रकरणों में साढ़े 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 20 जुलाई को आबकारी वृत्त सक्ती के ग्राम गुंजी थाना नगरदा में रुपेश बंसोड़ पिता संपतलाल उम्र 21 वर्ष के रहवासी मकान की जांच कार्यवाही करने पर उसके मकान के रसोई घर में एक सफेद प्लास्टिक थैला में रखा 30 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 250 मिली कुल 7.5 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसियाडीह के झांझ के पास रविवार रात लगभग 9 बजे एक रेल हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। एनटीपीसी सीपत के लिए दीपका से कोयला परिवहन करने वाली रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से ग्राम कसियाडीह निवासी फगुराम मरकाम उम्र 60 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक फगुराम किसी काम से हरदीबाजार आया था। काम पूरा करने के बाद वह अकेले ही पैदल अपने गांव कसियाडीह लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम झांझ के समीप एनटीपीसी सीपत के लिए दीपका से कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने के बाद उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल परिजनों व हरदीबाजार थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दफ्तर आधारित ऑनलाइन उपस्थिति पर पटवारी संघ ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन के द्वारा सभी शासकीय विभागों के लिए लागू की गई कार्यालय आधारित ऑनलाइन उपस्थिति पर जिला पटवारी संघ ने आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे पटवारियों के कार्य के प्रकृति के विरुद्ध बताया है। संघ का कहना है कि पटवारियों के कार्य मैदानी क्षेत्र होने के कारण प्रशासन के अन्य विभागों के कार्यों से बिलकुल अलग है। दफ्तर में उपस्थिति दर्ज कराने की स्थिति पर तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

**खास बातें**

- संघ ने कहा पटवारियों का कार्य मैदानी क्षेत्र का उपस्थिति देने पर ओगी तकनीकी समस्या
- अन्य विभागों के कार्यों से अलग है हल्का पटवारी के कार्य

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के द्वारा इस संबंध में बताया गया है कि पटवारियों का कार्य पूर्णतः मैदानी भ्रमणशील और जनसपंर्क आधारित होता है एवं कार्य प्रणाली भी सामान्य कार्यालयीन कर्मचारी से पूर्णतः अलग होने के साथ उनका अधिकांश समय पटवारी हल्का के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में किसानों और अन्य स्थानीय लोगों के बीच गुजरता है साथ ही प्रशासन के अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए राजस्व कार्यों का निष्पादन करना होता है। इनमें फौती बटवारा, सीमांकन, नक्शा नवीनीकरण प्रतिवेदन जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल रहते हैं और इसके लिए उन्हें मैदानी क्षेत्र में घूमना पड़ता है। जनसुनवाई, सड़क हादसे एवं अतिवृष्टि जैसे कार्यों का संरक्षण भी हल्का पटवारी के द्वारा किया जाता है। ऐसी स्थिति में दफ्तर आधारित आनलाइन उपस्थिति में व्यवहारिक कठिनाईयों का सामना पड़ेगा।

# हाथ में तलवार लेकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर क्षेत्र में एक युवक द्वारा पिछले कुछ दिनों से तलवार लेकर लोगों डराया धमकाया जा रहा था। सूचना पर पुलिस की टीम ने दबिश दी और युवक को धारदार हथियार के साथ धरदबोचा। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

मानिकपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मुड़ापार बस्ती निवासी प्रेम कुमार साहू (उम्र 19 वर्ष) घर के सामने हाथ में धारदार तलवार लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है तथा क्षेत्र में भय का वातावरण बना रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे की तलवार बरामद हुई, जिसे जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## मल्टीलेवल पार्किंग में हुआ पौधरोपण का आयोजन

# कलेक्टर, आयुक्त सहित अधिकारियों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत सोमवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, एडीएम देवेन्द्र पटेल सहित अधिकारियों के साथ कोरबा शहर में नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग के समीप मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री दुदावत ने अधिकाधिक वृक्षारोपण कर वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन में सबकी सक्रिय सहभागिता का आव्हान आमजन से किया।



पौधरोपण करते हुए कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार करने के मद्देनजर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत 18 जुलाई को घंटाघर ओपन थियेटर मैदान से की गई थी, साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि 18 जुलाई से आगामी 60 दिनों तक लगातार वृक्षारोपण का कार्य किया जायेगा। इसी कड़ी में अभियान के तीसरे दिन आज कोरबा शहर में नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग के सामने मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण किया, उन्होने आमनागरिकों से अपील करते हुये कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के हम सबके संकल्प को पूरा करने के लिये अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें तथा वृक्षों के संरक्षण एवं उनके संवर्धन हेतु अपनी महती सहभागिता प्रदान करें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411